हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 परमिट के बावजूद बिजली सप्लाई होने पर उठे सवाल, मुआवजे की...



07 कांग्रेस ने वोट चोरी को लेकर घंटाघर पर फूंका मुख्य चुनाव...



खबर संक्षेप में



बच्चों को दंत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

मन्दसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर 304 के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय टिगरिया में दांत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय ओरल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. रश्मि पमनानी ने बच्चों के दाँतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें दाँतों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. उर्मिला तोमर ने बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। डॉ. रश्मि पमनानी का सम्मान क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल ने किया। डॉ. रश्मि ने बच्चों को नियमित रूप से दाँतों की सफाई करने, सही तरीके से ब्रश करने और दांतों की उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि दाँतों की नियमित सफाई से कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। शिविर का उद्देश्य बच्चों में दांत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रीति छाबड़ा, डॉ. उर्मिला तोमर, अध्यक्ष अंजना पटेल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बच्चों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और दांत स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में प्रीति छाबड़ा द्वारा बच्चों को टूथब्रश, टूथपेस्ट और साबुन वितरित किए गए।

स्व. रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई

मंदसौर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला इकाई मंदसौर द्वारा ग्राम कयामपुर में पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ हनीफ पठान ने की। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भारत सिंह कुशवाहा, जिला सह सचिव लोकेश धनगर, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुशवाह सहित ग्राम कयामपुर के वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. पासवान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा। जिला अध्यक्ष हनीफ पठान ने कहा कि स्व. पासवान जी ने जीवन भर गरीब, मजदूर और पिछड़ों की लड़ाई लड़ी, उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

हार्ट अटैक से सरपंच राम प्रसाद मीणा की मौत

भानपुरा/ मंदसौर .जनपद पंचायत भानपुरा की कैलाशपुर ग्राम पंचायत के सरपंच पद के उपचुनाव में अभी



पांच दिन पहले तीन अक्टूबर को 446 मतों के भारी मतों से सरपंच का चुनाव जीतने वाले रामप्रसाद मीणा का 8 अक्टूबर को दोपहर बाद अचानक हार्ट अटेक से दुखद निधन हो गया। सादगी से ओतप्रोत एकतरफा चुनाव में 446 मतों से मीणा विजयी हुए थे। अभी तो उन्होंने पदभार भी नहीं संभाला था ओर अचानक कैलाशपुर ग्राम पंचायत के लिए बहुत बड़ा आघात हे पुर्व सरपंच रमेशचंद्र गायरी का भी हार्ट अटेक से निधन हुआ था, ओर उसी कारण यह उप चुनाव हुआ था , क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार आज 9 अक्टूबर को कलेक्टर के दौरे के चलते ग्राम पंचायत कार्यालय में तैयारीयों में जुटे हुए थे की सिने में दर्द होने पर घर पर गए एवं वहीं उनका दुखद निधन हो गया। इस दुखद घटना से ग्राम पंचायत व क्षेत्र में शोक की लहर छा गई एवं देर शाम उनका ग्राम कैलाशपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तकनीकी साक्ष्य जुटाकर पारदी गैंग के 2 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

सोलर पावर प्लांट से केबल काटकर चुराने वाले पारदी गैंग का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर







सोलर पावर प्लांट से केबल काटकर चुराने व बर्तन गोदाम में चोरी की वारदात करने वाली शातिर ह्लपारदी गैंगह्व का पुलिस ने खुलासा किया है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाकर पारदी गैंग के 02 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार व 03 विधि विरुध्द बालक अभिरक्षा में लिये हे।गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया किआरोपीगणों ने थाना पिपलियामंडी के 03 अपराध व थाना वायडीनगर के 04 अपराध, कुल 07 अपराधों में चोरी की वारदात का करना स्वीकार किया।

आरोपीगणों के कब्जे से चोरी गया सोलर प्लांट की करीब 03 लाख रुपये कीमत की केबल को जलाकर निकाला गया तांबा व बर्तन गोदाम में से चुराये गये करीब 02 लाख रुपये के तांबे के पुराने बर्तन आदि मश्रुका व घटना में प्रयुक्त 03 मोटर सायकलों सहित कुल मश्रुका करीब 6,50,000/- रुपये को जप्त किया । पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना द्वारा सभी थानों को संपत्ति संबंधी अपराधो की अधिक से अधिक पतारसी कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है,। पिपलियामंडी

थाना प्रभारी निरी. विक्रम सिंह इवने

के नेतृत्व में थाना पिपलियामंडी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बोतलगंज में सोलर पावर प्लांट से केबल काटकर चोरी व पिपलियामंडी में बर्तन गोदाम से तांबे के बर्तन चोरी करने वाले 02 शातिर पारदी गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया व 03 विधि विरुध्द बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपीगणों के कब्जे से चोरी किया गया मश्रुका सोलर प्लांट की करीब 03 लाख रुपये कीमत की केबल को जलाकर निकाला गया तांबा व बर्तन गोदाम में से चुराये गये करीब 02 लाख रुपये के तांबे के पुराने बर्तन आदि मश्रुका व घटना में प्रयुक्त 03 मोटर सायकलों सहित कुल मश्रुका करीब 6,50,000/- रुपये को बरामद कर जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

इस तरह करते चोरी

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपीगण अक्सर दिन में मोटर सायकल से घुमते-फिरते रहते है और सोलर पावर प्लांट व सुने मकानों, गोदाम, दुकान आदि की रैकी कर रात्रि में मोटर सायकल से घुमते हुये मौका पाकर अपने सदस्यों के साथ सोलर पावर प्लांट, दुकान, गोदाम पर धावा बोलकर तांबे की केबल, बर्तन आदि कीमती सामान चुरा लेते है, चंद मिनटों के अंदर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। आरोपीगण काफी शातिर किस्म के पारदी गैंग के सदस्य होकर वारदात को अंजाम देने के लिये अक्सर अपने साथ नाबालिग बालकों को शामिल रखते है, इनकी नजर हमेशा तांबे के वायर, बर्तन व अन्य कीमती धातुओं पर रहती है। चोरी की गयी महंगी केबलों को जलाकर निकले तार व धातुओं के बर्तनों को नीमच, मंदसौर में औने-पौने दामों पर बेच देते है । इनके द्वारा थाना पिपलियामंडी, थाना वायडीनगर व आसपास के क्षेत्रों से सोलर पावर प्लांट से केबल चोरी व अन्य चोरी के अपराध घटित करना स्वीकार किया है।

फरियादी प्रफुल्ल मुजावदिया (मैनेजर सोलर पावर प्लांट बोतलगंज) ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा श्रीराम वेयर हाउस के पीछे सौर ऊर्जा प्लांट बोतलगंज से करीबन 03 लाख कीमती केबल चुरा कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट की जिस पर थाना पिपलियामंडी पर अप. क्रमांक 188/26 धारा 303(2) इठर पंजीबध्द किया गया तथा दिनांक 07.10.26 को फरियादी ममता पति घनश्याम कसेरा उम्र 55 साल निवासी फाटक मोहल्ला पिपलियामण्डी ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा फाटक मोहल्ला पिपलियामंडी स्थित बर्तन गोदाम की दिवार तोड़कर तांबे के बर्तन व अन्य सामान चुरा कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट की जिस पर थाना पिपलियामंडी पर अप. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

थाना पिपलियामंडी पुलिस टीम द्वारा अपराध की पतारसी हेतु लगातार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये, मुखबिरों को सक्रिय किया गया तथा सायबर सेल मंदसौर से तकनीकी सहायता भी ली गयी, अनुसंधान के दौरान मुखबीर सुचना पर आरोपीगणों महेन्द्र सिंह पिता विनोद सिंह पारदी उम्र 38 साल निवासी मालखेडा थाना नीमच सिटी जिला नीमच, गोलु पिता गोविंद पारदी उम्र 24 साल निवासी सुवासरा थाना सुवासरा जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया गया।

पात्र व्यक्तियों को पहुंचाया जाएगा लाभ

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन सेवा शिविर आज

एक ही स्थान पर नागरिकों की समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान -2026 के अंतर्गत एक दिवसीय जन सेवा शिविर का आयोजन नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा आज किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने बताया कि नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने हेतु मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान - 2026 के अंतर्गत जन सेवा शिविर का आयोजन नगर में शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नवीन नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित पुराना सांदीपनी विद्यालय नलखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागीय स्टाल के माध्यम से एक ही स्थान पर आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, मार्गदर्शन एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सीएमओ अग्रवाल ने नागरिकों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया गया है।

प्रज्ञा कुंज आमला में पितरों का वृहद स्तर पर तर्पण कार्यक्रम का होगा आयोजन

नलखेड़ा। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर प्रज्ञाकुंज आमला में कल शनिवार को पितरों का वृहद स्तर पर तर्पण कार्यक्रम का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रज्ञाकुंज आमला के राधेश्याम गामी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में पितरों के श्राद्ध का महत्व है, युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने भी संस्कार परंपरा के पुनर्जागरण के अंतर्गत श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान को श्रद्धा एवं विश्वास के साथ संपन्न करने का मार्गदर्शन दिया है। इसी क्रम में गायत्री परिवार के विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में सात पीढ़ियों के अपने दिवगंतों का तर्पण एवं पिंडदान कर्म संपन्न कराने हेतु कल शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से तर्पण प्रारम्भ होगा। जो भी परिजन इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं वे अपने साथ दो धामा, थाली, लोटा एवं धोती पहनकर पहुंचे। पूजन सामग्री गायत्री परिवार द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी।

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प

वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ कांग्रेस का पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कठऊकअ ब्लॉक के सांसदों को रोके जाने तथा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा गुरुवार को ह्लोकतंत्र के काले दिवसह्व के विरोध में ह्लवोट बचाओ, देश बचाओह्व पैदल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। पैदल मार्च गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर युवराज क्लब, बस स्टैंड, भारत माता चौराहा, गौशाला मार्केट एवं दयामंदिर रोड होते हुए पुनः गांधी चौराहा पहुंचा। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी ताकत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी लगातार मतदाता सूची में पारदर्शिता, वोट की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में जवाबदेही की मांग उठा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की भी स्पष्ट मांग है कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों का निर्वाचन आयोग सार्वजनिक रूप से जवाब दे और मतदाताओं के अधिकारों एवं मतदान की निष्पक्षता को सुनिश्चित किया जाए। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आवाज को दबाने के बजाय उनके द्वारा उठाए गए सवालों का तथ्यात्मक और पारदर्शी जवाब दिया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सवालों पर संवाद एवं जवाबदेही लोकतंत्र को और मजबूत करती है।

गुर्जर ने कहा कि ह्लवोट बचाओ, देश बचाओह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक मतदाता के मताधिकार, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा का संकल्प है। विधायक विपिन जैन ने कहा कि जनता अपने मताधिकार के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करती है और उसके वोट की निष्पक्षता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का पारदर्शी एवं संतोषजनक जवाब मिलना लोकतांत्रिक व्यवस्था के हित में है। पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज और उसके मत का सम्मान सर्वोपरि है। संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए कांग्रेसजन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

प्रति बीघा लगभग 2 लाख की फसल आने की संभावना

जैविक गन्ना उत्पादन कर किसान ने बनाया खेती को लाभ का धंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तहसील के ग्राम धरोला निवासी किसान पीरूलाल कलसिया व उनकी पत्नी हेमपुष्पा कलसिया ने अपने खेत मे जैविक गन्ना उत्पादन कर खेती को लाभ का धंधा बनाया है। ग्राम धरोला निवासी पीरूलाल कलसिया ने बताया कि उनके द्वारा माह फरवरी में 3 बीघा कृषि भूमि में गन्ना लगाया था। गन्ने की इस खेती में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के रासायनिक खाद व दवाई का उपयोग नही किया गया। खेत मे जैविक खाद का उपयोग किया गया। उन्होंने बताया कि फरवरी, मार्च व अप्रैल माह में लगाये गए गन्ने की फसल अक्टूम्बर के प्रथम सप्ताह में पककर तैयार हो गई है। श्री कलसिया ने बताया कि उनके द्वारा सीओ 86032 एवं सीओ 14005 वैरायटी का गन्ना लगाया था जिसमे सीओ 14005 बीज उत्पादन के लिए है। श्री कलसिया ने बताया कि जैविक गन्ना उत्पादन में बीज से लगाकर फसल की कटाई तक कुल लगभग 50 हजार रुपये प्रति बीघा का खर्च आया है।

जिसका अनुमानित उत्पादन 300 क्विंटल प्रति बीघा आने का अनुमान है। वर्तमान में गन्ने के भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल है जिसके अनुसार प्रति बीघा लगभग 2 लाख रुपये की फसल आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गन्ना उत्पादन के लिए उनके स्वयं व उनकी पत्नी द्वारा अधिकतम खेती कार्य किया गया एवं जैविक खेती के माध्यम से लागत कम करने के प्रयास कर अधिकतम लाभ प्राप्त किया गया है। उन्होंने अन्य किसानों को भी जैविक खेती कर लागत कम करने व अधिकतम लाभ प्राप्त करने का संदेश देते हुवे कहा कि जैविक उत्पादन के सेवन से मानव के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव नही पड़ता है। श्री कलसिया ने बताया कि जैविक गन्ना उत्पादन कर अब वे आम नागरिकों को जैविक गन्ने का रस उपलब्ध करवाने की योजना पर कार्य कर रहे है। इसके लिए वे माँ बगलामुखी की नगरी में एक आउटलेट खोलकर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को जैविक गन्ने का रस बगैर किसी बिचौलिए के उपलब्ध करवाने की योजना पर कार्य कर रहे है और शीघ्र ही इसे मूर्तरूप देंगे।

दर्शन, हवन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर लिए निर्णय, मंदिर के पट रात्रि 11 बजे तक खुले रहेंगे

शारदीय नवरात्रि की तैयारियों को लेकर मां बगलामुखी मंदिर में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







विश्व प्रसिद्ध मां पीतांबरा बगलामुखी मंदिर पर आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। नवरात्रि के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के नलखेड़ा पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के दौरान दर्शन व्यवस्था, हवन-पूजन, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शारदीय नवरात्रि के दौरान मां बगलामुखी मंदिर रात्रि 11 बजे तक दर्शनार्थियों के लिए खुला रहेगा। इससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी माता के दर्शन करने में सुविधा मिलेगी। वहीं मंदिर में होने वाले हवन रात्रि 10 बजे तक किए जा सकेंगे। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए हवन एवं दर्शन व्यवस्था को व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया गया।

लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

मां बगलामुखी मंदिर जिले की प्रमुख धार्मिक पहचान होने के साथ ही देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। शारदीय नवरात्रि के दौरान यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं हवन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में नवरात्रि पर्व के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी देवकुंवर सोलंकी,एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, मुख्य पुजारी मनोहरदास पंडा,भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदियां,मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा,बजरंग दल जिला अध्यक्ष किशोर बैरागी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मालोट सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

नवरात्रि पर्व में गर्भ गृह में दर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे

नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या एवं व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए मां बगलामुखी मंदिर समिति सचिव तथा तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि 11 से 19 अक्टूबर तक बगलामुखी मंदिर के गर्भ गृह में दर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। उक्त अवधि में समस्त श्रद्धालुओं को दर्शन त्रिशूल मंडपम से ही कराए जाएंगे। साथ ही मंदिर के पट प्रातः 5:30 बजे यथावत श्रद्धालुओं के लिए खोल जावेगे। प्रातः 6:00 बजे मंगला आरती होगी। संध्याकालीन आरती 7:30 पर होगी। तथा रात्रि 11:00 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। हवन प्रातः 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही होंगे। 19 अक्टूबर नवमी पर्व के दिन प्रातः 11 से 12 बजे तक ही हवन कार्य होगा। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय भक्तों के लिए दर्शन व्यवस्था हेतु प्रातः 10:30 तक धर्मशाला वाले गेट से मंदिर दर्शन हेतु जा सकते हैं।

पार्किंग व्यवस्था पर भी रहेगा विशेष ध्यान

नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ वाहनों के पहुंचने को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्णय लिए गए। वाहनों की भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो तथा श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए, इसके लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा कराने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदारों द्वारा नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने पर जोर दिया गया। मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण, दर्शन व्यवस्था तथा आवागमन को लेकर भी आवश्यक तैयारियां किए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही दर्शनार्थियों को कतार में जल सेवा, दर्शन के लिए चार कतार में दर्शन व्यवस्था, स्थानीय भक्तों के लिए प्रातः 10.30 बजे वीआईपी कतार में दर्शन जैसे निर्णय भी लिए गए। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मोबाइल टॉयलेट एवं मोबाइल सुविधाघर की व्यवस्था करने के भी निर्णय लिए गए।

खबर संक्षेप

मिट्टी के दीपक व अन्य उत्पाद विक्रेताओं से नहीं होगी कर वसूली

देवास। कलेक्टर ने नवरात्रि, दीपावली और अन्य पारंपरिक त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीयों और अन्य स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आदेश दिया है कि जिले के सभी स्थानीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में माटी शिल्पियों को अपने उत्पाद जैसे मिट्टी के दीपक, खिलौने और सजावटी सामान बेचने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही, शिल्पियों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिए गए हैं कि बाजार में उत्पाद विक्रय के दौरान उनसे किसी भी प्रकार की कर (टैक्स) वसूली न की जाए।

मंगला आरती का समय निर्धारित

देवास। नवरात्रि के पावन अवसर पर देवास की प्रसिद्ध टेकरी स्थित मां चामुंडा मंदिर में मंगला आरती एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मां चामुंडा मंगला आरती मंडल द्वारा वर्षभर नियमित रूप से माता जी की आरती की जाती है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के टेकरी पहुंचने को देखते हुए मंगला आरती का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मां चामुंडा महारानी की मंगला आरती प्रातः 5.25 बजे, मां तुलजा भवानी की आरती 5.50 बजे, हनुमानजी महाराज की आरती 6.10 बजे तथा मां कालिका जी की आरती प्रातः 6.30 बजे होगी।

परमिट लेकर ग्रिड पर काम करने चढ़े कर्मचारी की करंट लगने से मौत

परमिट के बावजूद बिजली सप्लाई होने पर उठे सवाल, मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

विभाग का आउटसोर्स कर्मचारी होने से इनकार, ठेकेदारी पर काम करने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



ग्राम चौबारा जागीर में बुधवार को विद्युत ग्रिड पर सुधार कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय धर्मेंद्र पिता भीम सिंह सेंधव की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार धर्मेंद्र ग्रिड पर सुधार कार्य करने के लिए परमिट लेकर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू होने से वह करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल धर्मेंद्र को सोनकच्छ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परमिट के बावजूद कैसे शुरू हुई बिजली सप्लाई, जांच की मांग

हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। परिजनों का कहना था कि जब कर्मचारी को ग्रिड पर काम करने के लिए परमिट दिया गया था, तो उसके काम पूरा करने से पहले विद्युत आपूर्ति कैसे शुरू हो गई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही परिवार को 20 लाख रुपए मुआवजा और आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग रखी।

कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची तहसीलदार

घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार शाम जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने मामले से पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को अवगत कराया। इसके बाद वर्मा ने देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह से घटना की जानकारी साझा की। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार नेहा शाह सोनकच्छ सिविल अस्पताल पहुंचीं और मृतक के परिजनों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी। थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

आउटसोर्स कर्मचारी होने से किया इनकार

मामले में विद्युत वितरण कंपनी के उपयंत्री जितेंद्र सावनर ने धर्मेंद्र के विभागीय आउटसोर्स कर्मचारी होने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र ठेकेदार जगदीश सेंधव के माध्यम से काम कर रहा था। इसके बाद यह सवाल भी सामने आया कि धर्मेंद्र किस व्यवस्था के तहत विद्युत ग्रिड पर सुधार कार्य कर रहा था और कार्य के दौरान उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी थी। इन सभी बिंदुओं की जांच को हादसे की जिम्मेदारी तय करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लिखित आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए परिजन

गुरुवार को मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना परिसर में एकत्रित हुए। इस दौरान अधिकारियों के साथ मुआवजे और कार्रवाई को लेकर चर्चा हुई। परिजन 20 लाख रुपए मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर अड़े रहे। चर्चा के बाद तत्काल एक निश्चित राशि की आर्थिक सहायता देने तथा तीन आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का लिखित आश्वासन दिया गया। अधिकारियों से मिले लिखित आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए सहमत हुए। इसके बाद गुरुवार को गमगीन माहौल में धर्मेंद्र सेंधव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हादसे को लेकर ग्रामीणों में भी विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और कार्य के दौरान परमिट प्रणाली के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मामले की जांच के बाद ही हादसे की वास्तविक जिम्मेदारी स्पष्ट हो सकेगी।

रेत नाका कार्यालय में तोड़फोड़ व मारपीट, आठ आरोपी गिरफ्तार

कमलापुर थाना पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचड़ा

धनतलाव स्थित रेत नाका कार्यालय में लाठी-डंडों और रॉड से लैस होकर तोड़फोड़ एवं मारपीट करने के मामले में कमलापुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें बागली जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे धनतलाव निवासी दिनेश सिंह राजपूत ने थाना कमलापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि रेत के डंपर की रॉयल्टी चेक करने की बात को लेकर विशाल सिंह राजपूत निवासी हाटपीपल्या अपने करीब 13-14 साथियों के साथ तीन चार पहिया वाहनों से रेत नाका कार्यालय पहुंचा। आरोप है कि सभी के हाथों में लाठी-डंडे और रॉड थे। कार्यालय में पहुंचते ही आरोपियों ने मारपीट और दबंगई करते हुए तोड़फोड़ की, जिससे कार्यालय में नुकसान हुआ।रिपोर्ट के आधार पर कमलापुर थाना पुलिस ने बलवा, मारपीट और तोड़फोड़ सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश और पतारसी शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल राठौड़, अजय राजपूत, सावन सिंह राजपूत, मनमोहन सिंह उर्फ शंभू राजपूत, सूरज सोलंकी, विजय बोडाना, दुर्गेश राजपूत, सभी निवासी हाटपीपल्या तथा अर्जुन मीणा निवासी ग्राम कलवार शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, अरुण आर्य, रायचंद झोड़िया, सत्यप्रकाश मिश्रा, आरक्षक अरुण वर्मा, दिलीप सोलंकी, कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा एवं सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कांग्रेस कमेटी ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के सांसदों द्वारा चुनाव आयोग तक मार्च के दौरान लाठीचार्ज व बलपूर्वक व्यवहार करने के विरोध में जिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में काला दिवस मनाया गया और मंडुक पूष्कर पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सड़क से संसद तक, चुनाव आयोग के खिलाफ वोट चोरी की लड़ाई सतत लड़ी जा रही है और सरकार द्वारा उनकी आवाज को दबाने की लगातार कोशिश की जा रही है, लेकिन सरकार की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि इस देश में लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त को जांच के दायरे से बाहर कर, सरकार वोट चोरी का खेल रच रही है। धरना प्रदर्शन में सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता, काले कपड़े पहनकर शामिल हुए और चुनाव आयुक्त के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन को पूर्व महापौर रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मालवीय,गुरुचरण सिंह सलूजा, उमेश झंवर, दिनेश बैरागी, श्रुति बघेल, सुजीत सांगते, रोशन रायकवार, राजेश राठौर, सुधीर शर्मा, सिद्धार्थ माहूरकर, दीपेश कानूनगो, अनिल गोस्वामी, जितेंद्र सिंह मोंटू,एजाज शेख नीलम, रूपेश कल्याणे, डॉ.मंसूर शेख,इम्तियाज सिद्दीकी एडवोकेट, धर्मेंद्र पटेल, इरफ़ान कुरैशी एडवोकेट आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता हारिस गजधर ने किया और आभार जाहिद पठान ने माना।

शारदीय नवरात्रि को लेकर शहर में साज-सज्जा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिक निगम, देवास द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों, डिवाइडरों और प्रमुख चौराहों पर आकर्षक लाइटिंग एवं मल्टी कलर के झंडों को लगाकर शहर को सजाया जा रहा है। बुधवार शाम महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, गणेश पटेल, धर्मेंद्र बैस, सुरेश सिलोदिया, विपुल अग्रवाल, एवं निगम अधिकारियों के साथ मुख्य मार्गों पर चल रहे साज-सज्जा कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान महापौर ने झंडे लगाने एवं लाइटिंग व्यवस्था के कार्य को देखा और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा कि नवरात्री पर्व पर माता टेकरी पर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। निगम द्वारा शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किया जा रहा है। ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

मीडिएशन नेशन 3.0 अभियान के तहत जिला न्यायालय में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा जिला न्यायालय परिसर में 'मीडिएशन नेशन 3.0' अभियान के तहत विशेष मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित, सुलभ एवं आपसी सामंजस्य से समाधान के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया को बढ़ावा देना तथा आमजन को मध्यस्थता के लाभों के प्रति जागरूक करना रहा।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने कहा कि 'मीडिएशन नेशन 3.0' पहल का उद्देश्य पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाले अदालती विवादों से राहत दिलाना है। मध्यस्थता के माध्यम से दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जाता है। उन्होंने मध्यस्थता प्रक्रिया की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह विवादों के समाधान का सरल, प्रभावी और सहयोगात्मक माध्यम है, जिसमें पक्षकार अपनी सहमति से समाधान तक पहुंचते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से हुए समझौते का प्रभाव न्यायालय के निर्णय के समान होता है तथा सामान्यतः उसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं होता। इससे विवाद का अंतिम एवं स्थायी निस्तारण संभव होता है। मध्यस्थता की प्रक्रिया गोपनीय रहती है। पक्षकारों की सुविधा एवं सहमति के अनुसार संवाद के माध्यम से विवाद का समाधान खोजा जाता है, जिससे न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय की बचत होती है। मध्यस्थता में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए आपसी सहमति से समाधान निकाला जाता है। इससे विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान होने के साथ भविष्य के संबंध भी बेहतर बने रहते हैं। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, प्रशिक्षित मध्यस्थ, अधिवक्ता मध्यस्थगण एवं सामुदायिक मध्यस्थगण उपस्थित रहे।

नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के सांसदों द्वारा चुनाव आयोग तक निकाले गए मार्च के दौरान लाठीचार्ज और कथित बल प्रयोग के विरोध में भौरासा नगर कांग्रेस द्वारा काला दिवस मनाया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर काली पट्टी बांधकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के विरोध में नारेबाजी की और बाद में चुनाव आयोग का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में सांसदों के मार्च के दौरान किए गए कथित व्यवहार की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार के विरुद्ध बताया।इस दौरान नगजी राम यादव, राजेंद्र यादव, दिलीप यादव, विशाल अर्जुन गुर्जर, रणवीर सिंह गौड़, इरफान मदनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार सभी को है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया

युवा संगम में खुली रोजगार की राह



देवास। जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईटीआई परिसर देवास में 'युवा संगम' का आयोजन किया गया। युवा संगम में कुल 245 आवेदकों ने रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए पंजीयन कराया और विभिन्न क्षेत्रों की 21 कंपनियों ने भाग लिया । युवा संगम में विभिन्न कंपनियों ने 159 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया। युवा संगम के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों की जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया।युवा संगम में शामिल होने वाले युवाओं का जॉब पोर्टल पर पंजीयन भी कराया गया। पंजीयन के बाद रोजगार कार्यालय के काउंसलर द्वारा आवेदकों को कैरियर काउंसलिंग एवं स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। युवा संगम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रोजगार कार्यालय तथा आईटीआई देवास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान में लापरवाही पर कलेक्टर ने 10 जिला अधिकारियों को दिए शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और जन-समस्याओं के समाधान को लेकर कलेक्टर ऋतु राज सिंह सख्त रुख अपनाए हुए है। अभियान के तहत आयोजित शिविरों एवं क्षेत्रीय भ्रमण के प्रति उदासीनता तथा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना करने पर कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने कड़ा रूख अपनाते हुए 10 जिला स्तरीय अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए हैं। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री विवेक कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी, वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ए.के. श्रीवास्तव, जिला योजना अधिकारी लीला रायकवार, उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्य रतन सिंह अनारे, वाणिज्यिक कर अधिकारी शिव नंदन तिवारी, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी दीपक दास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक शैलेन्द्र अत्रे, जिला उद्यम अधिकारी रतनसिंह डावर, जिला कौशल विकास अधिकारी, प्राचार्य राजेश उईके तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सेना गाडरिया शामिल हैं। कलेक्टर श्री ऋतु राज सिंह ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान में लापरवाही को पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन माना है। आदेश में उल्लेख है कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत 26 सितम्बर 2026 को सोनकच्छ विकासखंड के भौरासा में जनसंवाद एवं शिविर का आयोजन किया गया था।

शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी संबंधित जिला अधिकारियों को क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंवाद करना तथा अपने विभाग से संबंधित संस्थानों, कार्यालयों, योजनाओं एवं उद्योगों का सघन निरीक्षण करना था। इस संबंध में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक के माध्यम से भी पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा जनसंवाद व निरीक्षण की अद्यतन जानकारी न तो शिविर में प्रस्तुत की गई और न ही कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित की गई।

मां जिनवाणी कॉलेज में सुविधाओं को लेकर छात्रों ने उठाई आवाज

मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पुष्पगिरी तीर्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित माँ जिनवाणी कॉलेज ऑफ लीगल स्टडीज में शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखी हैं। विद्यार्थियों ने गुरुवार को 41 बिंदुओं का ज्ञापन कॉलेज प्रशासन को सौंपकर विभिन्न सुविधाओं में सुधार और आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मांग की। प्राचार्य असीम कानूनगो की अनुपस्थिति में ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मोड़सिंह कुशवाह ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने ज्ञापन में पर्याप्त एवं अद्यतन विधि पुस्तकालय की स्थापना एवं विस्तार के साथ नवीनतम विधि अधिनियम, टीकाएं, विधि पत्रिकाएं और संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए करीब 100 विद्यार्थियों की क्षमता वाला मूट कोर्ट कक्ष, कंप्यूटर प्रयोगशाला, पर्याप्त कंप्यूटर सिस्टम और ऑनलाइन विधिक शोध के लिए डिजिटल विधिक डेटाबेस उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था तथा खेल मैदान और अन्य गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी विद्यार्थियों ने की है। इसके साथ ही स्मार्ट कक्षाएं एवं इंटरैक्टिव पैनल, अलग अध्ययन कक्ष, अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा नवीनतम विधि अधिनियम एवं संविधान सहित संवैधानिक और प्रशासनिक कानून से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की गई। विद्यार्थियों ने कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों की समीक्षा कर कमियों का आकलन करने तथा विश्वविद्यालयीय नियमों एवं विधि शिक्षा संबंधी मानकों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। विद्यार्थियों ने 13 अक्टूबर 2026 तक 41 बिंदुओं का निराकरण करने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 14 अक्टूबर से छात्र संगठन एवं समाज के वरिष्ठजनों के साथ सामूहिक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में आंदोलन की स्थिति में कॉलेज प्रशासन एवं प्राचार्य की जिम्मेदारी तय करने तथा प्राचार्य के इस्तीफे की मांग करने की बात भी कही गई है। कॉलेज प्रशासन ने ट्रस्ट को अवगत कराने की बात कही ज्ञापन प्राप्त करने वाले सहायक प्राध्यापक मोड़सिंह कुशवाह ने कहा कि विद्यार्थियों की मांगों से कॉलेज ट्रस्ट को अवगत कराया जाएगा।

गांधी चौराहे पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मनाया काला दिवस, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को कांटाफोड़ में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी, देवास जिला प्रभारी विनय बाकलीवाल एवं जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ के नेतृत्व में गांधी चौराहे पर काला दिवस मनाया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार जनता के बीच अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। गांधी चौराहे पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा का संकल्प व्यक्त किया। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मीणा, अंकुश सायडा, अभिषेक भट्ट, अभिषेक जोशी, देवेंद्र पटेल, गुलाब सिंह सिसोदिया, देवराम यादव, पप्पू बारवाल, लखन पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यालय से निकाला मार्च, पुलिस बल के बीच घंटाघर पहुंचे

कांग्रेस ने वोट चोरी को लेकर घंटाघर पर फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

लोकतंत्र और मतदाता अधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कथित 'वोट चोरी और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी का आंदोलन गुरुवार को सड़क पर नजर आया। पिछले एक सप्ताह से चल रहे अभियान के क्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए और वहां से घंटाघर तक विशाल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों की रक्षा के समर्थन में नारेबाजी की। घंटाघर पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन को देखते हुए घंटाघर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को घंटाघर तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार्यकर्ता निर्धारित कार्यक्रम पर डटे रहे। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पद के कथित दुरुपयोग और लाखों मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को गांव-गांव और घर-घर तक ले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मतदाता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा मतदाता अधिकारों को लेकर उठाए जा रहे सवालों का संतोषजनक जवाब मिलने तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लोकतांत्रिक आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमाम रोक-टोक के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता घंटाघर पहुंचे और मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। उनके मुताबिक कांग्रेस का आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ और मतदाता अधिकारों की रक्षा करो जैसे नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, मोहन सिंह, प्रदीप कुशवाहा, नातीराजा जाखलौन, राकेश रजक, मकरंद किलेदार, डा.खेमचंद वर्मा, नदीम शबनम, महेंद्र पनारी, रामभरोसे कुशवाहा, उदल सिंह पटेल, कुलदीप पाठक, अमन साहू, सीताराम राय, स्वतंत्र राजा, बासु जैन, श्रीजल जैन, संतोष राय, हर नारायण सिंह चंदेल, समर्थ सिंह और प्रेम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

होटलों-ढाबों की रसोई की नियमित जांच पर जोर

मिलावट पर शिकंजा, बड़े प्रतिष्ठानों की होगी जांच चाइनीज लहसुन की बिक्री पर रोक के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खाद्य पदार्थों में मिलावट और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को लेकर प्रशासन ने सख्ती के संकेत दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर प्रवर्तन कार्रवाई करने, होटलों और ढाबों की रसोई की नियमित जांच कराने तथा बाजार में चाइनीज लहसुन की बिक्री पर रोक लगाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय ने चालू वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

अधिकारियों की ओर से प्रस्तुत प्रगति पर अपर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में नियमित निगरानी और प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए। एडीएम ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराया जाए और नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की प्रथम दृष्टया पहचान और जांच के संबंध में कार्यशाला आयोजित कराने का अनुरोध किया। अपर जिलाधिकारी ने प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए, ताकि संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मिलावट की प्रारंभिक पहचान के संबंध में जानकारी दी जा सके।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बाजार में चाइनीज लहसुन की बिक्री पर रोक लगाने और आम लोगों को इसकी पहचान के संबंध में जागरूक करने के लिए वीडियो जारी किए जाने का अनुरोध किया। इस विषय पर बाजार स्तर पर निगरानी और जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई। कृषि विभाग के प्रतिनिधि रंजीत कुमार चौधरी ने सब्जियों के उत्पादन में इस्तेमाल किए जा रहे पेस्टिसाइड और इंसेक्टिसाइड की मात्रा की जांच कराने का सुझाव दिया। बैठक में निर्धारित सीमा से अधिक रसायनों के इस्तेमाल से बचाव के लिए निगरानी और जांच की आवश्यकता पर जोर दिया गया। स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि सम्भव सिंघई ने होटलों और ढाबों की किचन की नियमित जांच कराने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने खाद्य पदार्थों के रखरखाव, स्वच्छता और रसोई की स्थिति की नियमित निगरानी किए जाने का अनुरोध किया। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालन के लिए उद्योग विभाग की ओर से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रक्रिया के तहत उद्योग विभाग में आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। बैठक में खाद्य तेल के दोबारा इस्तेमाल को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तीन बार इस्तेमाल हो चुके यूज्ड कुकिंग ऑयल को एकत्र कराया जाए और उसे उचित संस्था को भेजा जाए, ताकि उसका उपयोग बायोडीजल निर्माण में किया जा सके।

भाजपा ने स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर जिला कार्यालय पर बनाई कार्यकर्ताओं की टोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय पर स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर विभिन्न योजनाऐं की रुपरेखा बनाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि इस चुनाव में हम लोगों ने काम तो अभी से शुरू कर दिया है लेकिन नाम वापसी के बाद और जोरों से चुनाव में जुटा जायेगा ।

उन्होंने कहा कि हम लोग जिले के तेरह बूथों पर प्रत्येक पर संयोजक ,प्रभारियों के अलावा तीस तीस कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर रहे हैं और ऐसे प्रत्येक कार्यकर्ता को उसके दायित्व से अवगत करा दिया गया है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है और टीम भावना से काम करते हैं इसीलिए हम लोग अधिक से अधिक मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाने में सफल होते हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन बूथ प्रभारी गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी ने किया। अन्त में ईं हाकिम सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला संयोजक जगदीश सिंह लोधी एड, जिला सह संयोजक बब्बू राजा बुंदेला, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरीराम सिंह निरंजन, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सन्तोष कुशवाहा,जिला महामंत्री गौरव गौतम,प्राईवेट स्कूल एसोशिएशन के अध्यक्ष दिनेश साहू,सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी, हाकिम सिंह लोधी, रुचिका बुन्देला, मनविंदर कौर, मोहिनी रजक,ध्रुव सिंह सिसौदिया, धर्मेंद्र पाठक, विलास पटैरिया, डा जगवीर सिंह , प्रभाकर शर्मा, नगर अध्यक्ष भगतसिंह राठौर, गुलशन गुप्ता,डा बालकिशन राजपूत , घनश्याम दास साहू, मनोज रिछारिया, धर्मेंद्र रजक, गजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

जमीन पर कब्जा बरकरार रखने और राय देने के एवज में मांगी थी घूस

15 हजार रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने पकड़ा

दरवाजा बंद कर नोट जलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भ्रष्टाचार निवारण संगठन की झांसी इकाई ने गुरुवार को ललितपुर में कार्रवाई करते हुए राजस्व लेखपाल विपुल तिवारी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोप है कि लेखपाल ने ग्राम टौरिया स्थित जमीन पर शिकायतकर्ता का कब्जा बरकरार रखने और राजस्व की धारा 30(2) की कार्रवाई में पक्ष में राय देने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ट्रैप कार्रवाई के दौरान टीम के पहुंचने पर लेखपाल द्वारा रिश्वत के नोट जलाने का प्रयास किए जाने की बात भी प्रेस नोट में सामने आई है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अनुसार शिकायतकर्ता ग्राम टौरिया पोस्ट बनवार निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व. प्यारेलाल की जमीन गाटा संख्या 767, रकबा 0.408 हेक्टेयर में स्थित है। उपजिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के क्रम में जमीन की हदबंदी कराए जाने के बाद शिकायतकर्ता ने मौके पर कब्जा कर पत्थर लगवाए थे। इसी बीच क्षेत्रीय लेखपाल विपुल तिवारी ने शिकायतकर्ता को बताया कि गाटा संख्या 767 में खातेदार मानसिंह और शिवराज की ओर से राजस्व की धारा 30(2) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें राय की कार्रवाई होनी है। शिकायतकर्ता ने अपनी जमीन पर पहले से पत्थर गड़े होने और कब्जा बरकरार रखने की बात कही। आरोप है कि इसी के एवज में लेखपाल ने पहले 20 हजार रुपये



रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 15 हजार रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप था कि रकम नहीं देने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी जा रही थी। रिश्वत की मांग से संबंधित शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की झांसी इकाई ने 8 अक्टूबर 2026 को ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। कार्रवाई के दौरान आरोपी लेखपाल को उसके किराए के आवास पर रिश्वत लेते पकडने का प्रयास किया गया। टीम के पहुंचने पर आरोपी ने दरवाजा नहीं खोला और अंदर रिश्वत के नोट जलाने का प्रयास किया।

टीम ने कार्रवाई करते हुए दरवाजा खुलवाया। कमरे से जले हुए नोटों के अवशेष और कुछ जले हुए नोट बरामद किए जाने की बात कही गई है। किचन के सिंक से भी जली हुई मुद्रा के अवशेष मिलने का उल्लेख है। ट्रैप कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी के हाथों का रासायनिक परीक्षण कराया। हाथ धुलवाए जाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। मौके पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और वीडियो को भी कार्रवाई में साक्ष्य के तौर पर शामिल किए जाने की बात कही गई है। पकड़े गए लेखपाल की पहचान प्रतापगढ़ जिले के थाना आसपुर देवसरा, तहसील पट्टी के ग्राम आगापुर वर्तमान में आजादपुरा डमडम व्यास कालोनी स्थित किराए के मकान में निवासी विपुल तिवारी पुत्र कन्हैयालाल तिवारी के रूप में हुई है। वह राजस्व लेखपाल क्षेत्र टौरिया, ललितपुर में तैनात था। कार्रवाई पूरी करने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम आरोपी लेखपाल को लेकर थाना कोतवाली पहुंची। आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई करने वाली भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई की टीम में ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक शादान खान, निरीक्षक जगदीश यादव, इरशाद खान, राहुल कुशवाहा, ओंकार सिंह, महेन्द्र कुमार, शिवम गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, दयाशंकर, वसीम, शिवम कुमार, अनिल कुमार, रोहिताश लहारिया और मनोज कुमार शामिल रहे।

लखनऊ जा रहे आप कार्यकर्ताओं को नजरबंद करने का आरोप

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सांसद संजय सिंह के अवहाँन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने जा रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि लखनऊ में प्रस्तावित पार्टी के कार्यक्रम/प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जा रहे ललितपुर जनपद के कार्यकर्ताओं को स्थानीय पुलिस ने उनके घरों पर नजरबंद कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई के कारण वे लखनऊ नहीं पहुंच सके। पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले से कई कार्यकर्ता रवाना होने की तैयारी कर रहे थे।

इसी दौरान पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही रोक दिया और उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें नजरबंद किए जाने के कारण उनका लोकतांत्रिक कार्यक्रम में शामिल होने का अधिकार प्रभावित हुआ। इस कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में नाराजगी बताई जा रही है। नजर बंद कार्यकर्ताओं में जिलाअध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट जिलामहासचिव अनूप ताम्रकार जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना राजा जिला मंत्री रमेश झा अनुराग सिंह लोधी एडवोकेट संजू जैन शामिल रहे वहीं, पुलिस की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा पत्र, एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी

ग्राम सेवनी में अवैध शराब-गांजा बिक्री का आरोप, मकान व लकड़ी के डिब्बे की आड़ में कारोबार करने का दावा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम सेवनी में कथित रूप से अवैध शराब और गांजा की बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कराकर आरोपितों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम सेवनी में ही रहने वाले एक व्यक्ति के आवास पर कथित तौर पर लंबे समय से नंबर-2 की शराब और गांजा की बिक्री की जा रही है।

मकान के अंदर के अलावा आवास के सामने रखे लकड़ी के डिब्बे की आड़ में भी कथित रूप से अवैध शराब व गांजे की बिक्री की जाती है। ग्रामीणों ने शिकायत में गांव के कुछ और लोगों के नाम का उल्लेख करते हुए इनके खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पुलिस एवं आबकारी विभाग की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने गांव में पूर्व में हुई विभिन्न कथित आपराधिक एवं विवादित घटनाओं का भी उल्लेख किया है। उनका कहना है कि ऐसी गतिविधियों के कारण ग्रामीणों और विशेष रूप से गरीब किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र में कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में हरप्रसाद के परिवार एवं अन्य ग्रामीणों की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर के सामने आत्मदाह जैसा कदम उठाने की चेतावनी दिए जाने का उल्लेख है। ऐसी चेतावनी को देखते हुए प्रशासन से मामले में तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित पक्षों से बातचीत करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने की अपेक्षा की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा गांव में ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था युवक

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र में सुनाई टौरिया के पास तेज रफ्तार और कथित लापरवाही से चल रही बाइक ने सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 33 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना तालबेहट के ग्राम खादी, मजरा उडवाताल, निवासी हरिसिंह कुशवाहा पुत्र रामगोपाल कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई 33 वर्षीय नंदराम कुशवाहा 28 सितंबर की शाम करीब 6.30 बजे अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 डब्लू 0389 से ग्राम कडेसराकलां में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया कि नंदराम जब सुनाई टौरिया के पास पहुंचे, तभी तालबेहट की ओर से आ रही एक अन्य एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एल. 0575 के अज्ञात चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से बाइक चलाते हुए गलत दिशा में आकर नंदराम की मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नंदराम बाइक से सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय पीछे से आ रहे ग्रामीण अरुण कुशवाहा और जयपाल कुशवाहा ने हादसा देखा। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल नंदराम को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। झांसी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने नंदराम को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार अंतिम संस्कार, काज तथा अस्थि विसर्जन समेत अन्य पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहा। मृतक के भाई ने थाना तालबेहट पहुंचकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई की है।

यूपीआई टैक्स अध्यादेश वापस लेने के लिए व्यापार मंडल ने कसी कमर

यूपीआई से भुगतान किए जाने पर 0,4% प्रतिशत लगने से महंगाई बढ़ने की पूर्ण संभावना, यह आमजन के लिए उचित नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल ने 15 अक्टूबर 2026 से लागू किया यह जाने वाले केंद्र सरकार द्वारा यूपीआई टैक्स 04% प्रतिशत का अध्यादेश वापस किए जाने के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री प्रधानमंत्री एवं सांसद अनुराग शर्मा को जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाध्यक्ष सुरेश बडेरा के नेतृत्व में सौंपा भारत सरकार द्वारा यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देकर देश के व्यापारी एवं लेनदेन को सरल बनाने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं सभी व्यापारियों ने डिजिटल भुगतान को अपनाकर इस अभियान में अपना सहयोगपूर्ण दिया और व्यापारियों ने फोन पे, पेटीएम एवं बैंक ट्रांजैक्शन के द्वारा व्यापारी मैंने शुरू कर दिया है इससे प्रधानमंत्री के उद्देश्य को पूर्ण किया लेकिन जो अभी यूपीआई के माध्यम से ,04% प्रतिशत शुल्क उद्योगपतियों, व्यापारियों से वसूल करने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है जो जनहित में नहीं है यूपीआई से भुगतान किए जाने पर 0,4% प्रतिशत लगने से महंगाई बढ़ने की पूर्ण



संभावना है जिससे आमजन के लिए उचित नहीं है।

प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री से मांग करते हैं 15 अक्टूबर से लगने वाले यूपीआई अध्यादेश को तुरंत अबिलंब वापस ले जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, प्रदेश मंत्री अजित खजुरिया, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अंकुर सिंघई, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सिद्धेश्वर जमोरिया, जिला संयुक्त महामंत्री अभिषेक अनोरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजा नाराहट, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डॉ संजीव कड़की, मोहम्मद इकराम, अशोक सोनी एल आई सी नगर अध्यक्ष पंडित नवनीत किलेदार, नगर महामंत्री समित समैया, नगर संयुक्त मंत्री मनीष मनपसंद, जिला युवा अध्यक्ष विशाल सराफ, नगर युवा अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, अवधेश नायक, प्रभात,लागोन अजय राठौर, निखिल राजा आत्माराम रिछारिया, संजीव सोनी, महावीर कामरा सुबोध गोस्वामी, अजय डियोडिया, अरविंद गुप्ता, सत्तू शिवाजी, मनोज कामरेड, अजय जैन सोलर, संजीव खरे प्रकाश मेडिकल अमन पटना सिंपल सिंघई बबलू पटाखा, अज्जू होजरी अजय जैन, अशोक सोनी डॉक्टर मोहित जैन पंकज टड़ैया, रजनीश चढ़ा, रितेश राठौर रविंद्र जैन मुनमुन, राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे। शैलेंद्र सिंघई जिला महामंत्री जिला उद्योग व्यापार मंडल ललितपुर

फलौदी सुपर बाजार में भीषण आग, व्यापारी ने किया 50 लाख के नुकसान का दावा

आग से नाराज व्यापारियों ने दुकानें बंद की, विरोध प्रदर्शन किया, चक्काजाम कर नपा में जड़ा ताला



फटा था दमकल का होज पाइप, लोगों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

बुधवार सुबह गायत्री कॉलोनी स्थित फलोदी सुपर बाजार में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखा किराना, खाद्य तेल, कॉस्मेटिक सामान और नवरात्रि की बिक्री के लिए एक दिन पहले ही लाया गया नया माल जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक शीर्षक उर्फ जीतू गुप्ता ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान की बात कही है। आग की घटना के बाद दमकल व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। दुकानदार और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि सूचना के करीब आधे घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। दमकल का होज पाइप फटा हुआ था और पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बन रहा था। लोगों को खुद पाइप संभालकर आग बुझाने में मदद करनी पड़ी। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार नगर परिषद की दमकल पहुंची तो उसका होज पाइप क्षतिग्रस्त था। पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बनने से आग पर प्रभावी तरीके से पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने खुद पाइप संभाला और पानी दुकान तक पहुंचाने का प्रयास किया।आग बढ़ती देख पीछे की ओर से टिन शेड तोड़कर पानी अंदर डालने की कोशिश भी की गई। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। आग से टिन शेड भी क्षतिग्रस्त हुआ।

एसडीएम के सामने छलका दुकानदार का दर्द

आग बुझने के बाद एसडीएम ज्योति राजोरिया मौके पर पहुंचीं। इस दौरान दुकानदार ने दमकल व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। वह भावुक होकर एसडीएम से दमकल के फटे पाइप की शिकायत करते हुए नुकसान की बात कहने लगा।दुकानदार ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान का दावा करते हुए कहा कि यदि दमकल की व्यवस्था समय पर और सही स्थिति में होती तो नुकसान कम हो सकता था। उसने प्रशासन से मामले की जांच और उचित राहत की मांग की।

नगर परिषद कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी, गेट पर लगाया ताला

आग की घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर परिषद की दमकल व्यवस्था को लेकर आक्रोश बढ़ गया। लोग नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कार्यालय में दो कर्मचारियों के अलावा कोई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था।लोगों ने कार्यालय के अंदर नारेबाजी की और बाद में मुख्य गेट पर ताला लगा दिया।

व्यापारियों ने दुकानें बंद कर लगाया जाम

घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग प्रदर्शन में शामिल हो गए। कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। प्रदर्शनकारी जीरापुर रोड पर बैठ गए, जिससे सड़क पर बसों और ट्रकों की कतार लग गई तथा यातायात प्रभावित हुआ।प्रदर्शनकारियों ने दमकल व्यवस्था की जांच, लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने और दुकानदार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन से कार्रवाई का आश्वासन मांगा। स्थिति को देखते हुए खिलचीपुर टीआई कमल सिंह गेहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। बाद में भोजपुर, जीरापुर, बोड़ा और कालीपीठ थानों के पुलिस बल के साथ पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया। तहसीलदार अनिल शर्मा, नायब तहसीलदार और टीआई कमल सिंह गेहलोत ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। बाद में एसडीएम ज्योति राजोरिया भी मौके पर पहुंचीं। करीब दो से ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद राजगढ़ से डिप्टी कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे।प्रशासन ने आग की घटना और दमकल व्यवस्था की जांच के लिए टीम गठित करने तथा दुकानदार को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने के लिए कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और जीरापुर रोड पर यातायात बहाल हो सका।

शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच के बाद स्पष्ट होगा कारण

प्रारंभिक जानकारी में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गायत्री कॉलोनी में दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की केबल कई जगह से कटी हुई है। हालांकि आग का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।जांच में आग लगने के कारण के साथ दमकल के मौके पर पहुंचने में लगे समय, दमकल की तकनीकी स्थिति और पानी के प्रेशर सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की जाएगी।

अनिश्चितकालीन हड़ताल

जांच सेवाएं कर दी बंद, पैथोलॉजी लैब संचालक चाहते मांगों का निराकरण



समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पैथोलॉजी लैब संचालकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सारंगपुर पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। एसोसिएशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगपुर के सीबीएमओ को सौंपे गए आवेदन में हड़ताल की सूचना दी गई है। हड़ताल के चलते नगर की समस्त संबंधित पैथोलॉजी लैबों में नियमित जांच सेवाएं बंद रखी गईं। एसोसिएशन के आवेदन के अनुसार पूजा पैथोलॉजी लैब, सारंगपुर को सील किए जाने एवं पैथोलॉजी लैबों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 7 अक्टूबर से सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि लैब संचालकों ने अब अनिश्चितकालीन रूप से सेवाएं बंद रखने की बात कही है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक संबंधित पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित पैथोलॉजी सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी। हड़ताल को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करने की बात भी आवेदन में कही गई है। बुधवार को हड़ताल के कारण सारंगपुर में निजी पैथोलॉजी जांच सेवाएं प्रभावित रहीं। विभिन्न जांचों के लिए निजी लैब पहुंचने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को जांच के लिए अस्पताल अथवा अन्य उपलब्ध विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ा। एसोसिएशन ने सीबीएमओ को आवेदन देकर हड़ताल की पूर्व सूचना देते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/ मंदसौर

वोट चोरी के गंभीर आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी , प्रियंका गांधी एवं सांसदों के शांतिपूर्ण मार्च को रोके जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा देशभर में विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी शामगढ़ द्वारा 08 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में मनाते हुए लोकतंत्र एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव हनुमान मंदिर के



सामने स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण से हुई।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला, जो स्टेशन रोड, सिनेमा रोड एवं आड़ा बाजार होते हुए सब्जी मंडी चौराहे पर पहुंचा। यहां कांग्रेसजनों ने वोट चोरी के आरोपों एवं लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा पुतला फूंका। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह पंवार एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. शौकत मंसूरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मताधिकार से बड़ा कुछ नहीं है। मतदाताओं के अधिकारों और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़े सवालों पर निर्वाचन आयोग को जवाबदेही तय करते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नही हो जाता संघर्ष करती रहेगी।

गणेश उत्सव व नवदुर्गा उत्सव समितियों अखाड़ा के गुरु का होगा सम्मान

दशहरा महोत्सवः परंपरागत होगा रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

रामलीला एवं दशहरा उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक धर्मशाला हनुमान मंदिर में मंगलवार को शाम सात बजे हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां पर हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए मोहन शर्मा ने कहा कि रामलीला का मंचन गुरुवार रात्रि 8 बजे से प्रारंभ हो होगा वहीं दशहरा उत्सव का चल समारोह परंपरागत रूप से निकाला जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पालिका द्वारा भी समस्त तैयारी कर ली गई है रावण के पुतले का निर्माण तथा आतिशबाजी की निवेदिताएं भी स्वीकृत हो चुकी है रावण के पुतले का निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। थावरिया स्थित रघुनाथ जी का चल समारोह शाम चार बजे प्रारंभ होगा हिंदू उत्सव समिति के सभी



सदस्यों से आग्रह किया गया है कि सभी सदस्य गण पदाधिकारी 3बजे रघुनाथजी के मंदिर पहुंचे जहां पर आरती के पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी के साथ ही रघुनाथजी महाराज का चल समारोह बैंड बाजे ढोल तथा अखाड़े के साथ प्रारंभ होगा जो शाम 7बजे दशहरा मैदान पहुंचेगा जहां पर संचालित अखाड़ा के गुरुओ का सम्मान वहीं पर किया जाएगा। साथ ही आकर्षक आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम द्वारा रावण दहन किया जाने के पश्चात हिंदू उत्सव समिति सदस्यों द्वारा आरती की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति की बैठक में सभी बिंदुओं पर सिलसिले बार चर्चा के पश्चात सभी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया जा चुका है।

वही इस बार गणेश उत्सव समिति तथा नवदुर्गा उत्सव समितियों को तथा रामलीला के कलाकारों को 12 अक्टूबर को पुरानी कोतवाली में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में रामलीला मंचन समिति सदस्य चेतन त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, जमात मंदिर महंत दीपेंद्रदास, नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भरत झवर, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, हिंदू उत्सव समिति सदस्य राजेश भंडारी, श्रीमती मंजुलता शिवहरे, सत्येंद्रसिंह राठौड़, रमेश मालवीय, शिव वैध, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र उपाध्याय, नपा उपाध्यक्ष मनोज महावर, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता, मनोज जितेन्द्र गुप्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

जिला जेल में 3 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला जेल मंदसौर में जेल प्रशासन एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग एवं ध्यान शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य बंदियों के सर्वांगीण शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था।जेल अधीक्षक यशवंत माझी ने जानकारी देते हुए बताया कि बंदियों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं सकारात्मक जीवनशैली के विकास के लिए इस विशेष योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि योग एवं ध्यान व्यक्ति के जीवन में अनुशासन,



मानसिक शांति, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बंदियों के व्यक्तित्व विकास एवं पुनर्वास में सहायता मिल सके।

शिविर में पतंजलि योगपीठ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं योग शिक्षक महेश कुमावत द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम, योगिंग-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर जेल प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बंदियों के साथ योग अभ्यास कर योग के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में पतंजलि संस्था के गजेंद्र शर्मा, मुकेश पाठक एवं विशाल पोरवाल भी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर जेल अधीक्षक यशवंत माझी ने पतंजलि योगपीठ एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जी सकता है।

श्री सेन महाकुंभ में समाजसेवी चौहान का नागरिक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

देशभर के सेन समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से राजस्थान के भीलवाड़ा में दो दिवसीय राष्ट्रीय वैचारिक-अमृत मंथन श्री सेन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमेंटी देश के विभिन्न राज्यों से सेन समाज के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 1008 श्री सैनाचार्य श्री अचलानंदजी महाराज, जोधपुर पीठ एवं पूज्य डॉ. संपूर्णानंद गिरीजी महाराज, अलवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय



सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुखराज राठौर, भुसावल-महाराष्ट्र एवं राजस्थान केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल ने की। महाकुंभ में देशभर के सेन समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अखिल भारतीय संयुक्त सेन समाज परिसंघ की स्थापना को मूर्त रूप दिया गया। इसके लिए भीलवाड़ा के सुरेश कुमार सेन को राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग से ओ.पी. सेन भोपाल, सुरेश चैहान राजगढ़ एवं कमलेश सेन विदिशा ने सहभागिता की। इस अवसर पर सामाजिक, खेल, पर्यटन एवं साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सारंगपुर के समाजसेवी सुरेश चैहान को नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मंच पर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित करने पर समाजबंधुओं एवं इष्ट-मित्रों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका की अनदेखी के चलते परेशान हो रहे रहवासी, मच्छरों के प्रकोप से अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

एसडीएम निवास के पास, पेयजल टंकी और गरबा पंडाल स्थल पर कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर एसडीम निवास के पास रहवासियों के लिए पीने के पानी की टंकी को भरने के लिए लगी ट्यूबेल के पास लगा कचरे का अंबार लगा हुआ है। नगर में नवरात्रि महोत्सव के लिए जगह-जगह झांकियों के स्टेज बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। लेकिन नगरपालिका की लचर सफाई व्यवस्था के कारण श्रद्धालु और आम नागरिक भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सबसे खराब हालातएसडीएम निवास के पास की हैं। इसी स्थल के समीप नवरात्रि की झांकी और गरबा महोत्सव के लिए स्टेज तैयार किया जा रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और चारों तरफ कचरे के अंबार लगा है।



मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में गंदे नाले से बढ़ा बीमारियों का खतरा

नगर के मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है। यहां स्थित गंदे नाले की लंबे समय से सफाई न होने के कारण नाले में जमा पानी पूरी तरह काला पड़ चुका है। सड़ते पानी और गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं जिससे आसपास के रहवासियों में डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बन गया है। इतना ही नहीं शहीद कॉलोनी में लगे कचरे के अंबार में 5 से 6 मवेशी गाय गंदगी और प्लास्टिक खाने को मजबूर दिखाई दिए।

वीआईपी रूट पर गंदगी और शौचालय का अभाव, यात्री परेशान

स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों की पोल राजगढ़ बायपास ब्रिज के नीचे खुलती दिखाई दे रही है। ब्रिज के नीचे कचरे का भारी अंबार लगा हुआ है। विडंबना यह है कि इसी रास्ते से आए दिन प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं का आना-जाना बना रहता है फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। इसके अलावा राजगढ़ रोड भोपाल रोड और रेलवे चैराहे ब्रिज के पास कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है। बायपास ब्रिज के नीचे से रोजाना सैकड़ों यात्री और वाहन गुजरते हैं। शौचालय और मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण विशेष रूप से बस से सफर करने वाले यात्रियों और महिला यात्रियों को बेहद शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रशासन से मांग की है कि नवरात्रि पर्व को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान चलाकर कचरा हटवाया जाए नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाए और प्रमुख चैराहों पर अस्थायी या स्थायी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की जाए।

इनका कहना है...

आपसे जानकारी मिली है शहर में जहां भी अव्यवस्था फैल रही है, उसको लेकर सीएमओ से बोलता हूं।

गोविंद दुबे एसडीएम ब्यावरा